# प्रधानाचार्य, शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.)

www.ayucollegeujjain.edu.in
E-mail: ayucollegeujjain-mp@mp.nic.in

College (0734-2580895)
Hospital (0734-2554581)


**क./स्थापना/2024/**113

**उज्जैन, दिनांक** 06/01/2024

## :: विज्ञापन ::

शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, मंगलनाथ रोड उज्जैन में आयुष मंत्रालय भारत सरकार की योजना के अंतर्गत आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु "आयुष चिकित्सक एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता परियोजना" के पद हेतु 11 माह के लिये पूर्णतः अंशकालिक रूप से आयुष चिकित्सक एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता परियोजना को अनुबंधित किया जाना है। जिस हेतु शैक्षणिक अर्हता, सेवा शर्तो सहित आवेदन पत्र का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाईट www.ayucollegeujjain.edu.in पर अथवा महाविद्यालयीन कार्यालय में उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र, सम्पूर्ण मूल प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रति के साथ आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 18.01.2024 को सायं 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं, इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक 23.01.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मंगलनाथ रोड उज्जैन, में उपस्थित रहेंगे।

06/1/2024

(डॉ. जे.पी. चौरसिया)
प्रधानाचार्य/सी.ई.ओ.
शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद
चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.)
मो. नं. 9893169434

# प्रधानाचार्य, शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.)

www.ayucollegeujjain.edu.in
E-mail: ayucollegeujjain-mp@mp.nic.in

College (0734-2580895)
Hospital (0734-2554581)

## विज्ञापन
## वॉक इन इन्टरव्यू

शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, उज्जैन में आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु 11 माह के लिए निम्नानुसार मानव संसाधन की आवश्यकता है–

| क्र. | पद का नाम एवं संख्या | पदों का विवरण कार्यक्रम के अनुसार | वेतन | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष चिकित्सक परियोजना 03 पद | 1. सुप्रजा– 01 पद<br>2. ओस्टिओ आर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्कलेटल व्याधि/वयोमित्र– 01 पद<br>3. आयुर्विद्या – 01 पद | 25000/– रूपये प्रतिमाह निश्चित यदि परफारमेन्स अच्छा रहा तब पी.एल.पी.सी. परफारमेन्स लिंक पेमेंट 15000/– रू. प्रतिमाह अलग से देय होगा। परफॉरमेन्स की गणना कार्य के आधार पर निर्धारित विधि से ही की जायेगी। | 1. विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय एवं एन.सी.आई.एस.एम. (पूर्व नाम सी.सी.आई.एम.) से बी.ए.एम.एस. की उपाधि धारक हो।<br>2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व इन्टर्नशिप पूर्ण कर ली हो।<br>3. मध्यप्रदेश आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड का जीवित पंजीयन हो। |
| 2 | बहुउद्देशीय कार्यकर्ता परियोजना (एम. पी.डब्ल्यू.) 03 पद | 1. सुप्रजा– 01 पद<br>2. ओस्टिओ आर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्कलेटल व्याधि/ वयोमित्र– 01 पद<br>3. आयुर्विद्या – 01 पद | 10000/– रूपये प्रतिमाह निश्चित यदि परफॉरमेन्स अच्छा रहा तब पी.एल.पी.सी. लिंक पेमेंट 5000/– रूपये तक प्रतिमाह अलग से देय होगा परफॉरमेन्स की गणना कार्य के आधार पर निर्धारित विधि से की जायेगी। | 1. हायर सेकेण्ड्री स्कूल (12वीं) परीक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड से पास हो।<br>2. कम्प्यूटर का ज्ञान जैसे एम.एस. ऑफिस, एक्सेल, पॉवर पाईंट का ज्ञान हो।<br>3. स्वास्थ्य, आयुष, वन एवं उद्यानिकी विभाग में कार्यानुभव को प्राथमिकता |

नोट :–

★ आवेदन जमा करने के अंतिम दिनांक तक आयुष चिकित्सक परियोजना के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष है।

★ बहुउद्देशीय कार्यकर्ता परियोजना (एम.पी.डब्ल्यू) हेतु निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक तक है।

★ पदों पर चयन साक्षात्कार एवं अकादमिक अंकों तथा अनुभव के अंकों की प्रावीण्य सूची के माध्यम से होगा।

★ साक्षात्कार दिनांक 23.01.2024 को महाविद्यालय कार्यालय में प्रातः 10 बजे से होगा।

★ सुप्रजा स्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु महिला आयुष चिकित्सक को प्राथमिकता दी जावेगी।

★ कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.01.2024 को सायं 5:00 बजे तक है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

06/01/2024

(डॉ. जे.पी. चौरसिया)
प्रधानाचार्य
शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय
उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 9893169434

प्रधानाचार्य, शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.)

www.ayucollegeujjain.edu.in
E-mail: ayucollegeujjain-mp@mp.nic.in

College (0734-2580895)
Hospital (0734-2554581)

# आवेदन की शर्ते

01. आयुष चिकित्सक एवं बहुउदेशीय कार्यकर्ता परियोजना के पद पर सम्बधित योग्यता रखने वाले उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु निर्धारित स्थल पर दिनांक 23.01.2024 को उपस्थित रहेंगे।

02. अभ्यर्थी को संस्था की वेबसाइड **www.ayucollegeujjain.edu.in** से डाउनलोड किए गए या महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त आवदेन पत्र के निर्धारित प्रारूप को भरकर बायोडाटा, आवश्यक प्रमाणपत्रों की स्व–प्रामाणित फोटोकॉपी एवं राशि 500/– रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा नगद जमा की रसीद एंव नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बिना शुल्क के आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

03. उम्मीदवार की आयु सीमा की गणना आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.01.2024 तक की जाएगी ।

04. आयुष चिकित्सक एवं बहुउदेशीय कार्यकर्ता परियोजना के पद पर चयन प्रारम्भ में 11 माह के लिए किया जाएगा और उम्मीदवार का कार्य संतोषजनक न होने पर सेवायें समाप्त की जा सकेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवायें परियोजना अवधि तक निरंतर रखी जा सकती है।

05. सुप्रजा स्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु महिला आयुष चिकित्सक को प्राथमिकता दी जावगी।

06. आयुष मिशन द्वारा संचालित इस परियोजना की समाप्ति के साथ ही सेवायें तत्काल प्रभाव से स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

07. संबधित व्यक्ति किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेगें और वह लोक सेवक की विधिविहित परिभाषा के अंतर्गत लोकसेवक नहीं होगें।

08. अनुबंधित उम्मीद्वार को अनुबंध के पूर्व इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध पुलिस/ न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है, साथ ही वह किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में कार्यरत नहीं है।

09. यह चयन पूर्णतः अस्थायी होगा तथा इस चयन को नियमित अथवा स्थायी करने के लिए अभ्यर्थी को दावा करने का अधिकार नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

10. चयनित अभ्यर्थी को सम्बंधित पद पर उपस्थित होने से पूर्व 100/– रूपये के स्टाम्प पर अनुबंध स्वंय के व्यय पर बनवाकर जमा करना होगा।

11. चयन समिति को उम्मीदवार के आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा तथा आवेदन पत्र एवं सलंग्न दस्तावेजो में त्रुटि पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा इसकी सूचना पृथक से नहीं दी जावेगी ।

12. साक्षात्कार के लिये कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।

13. प्रधानाचार्य शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय उज्जैन को बिना किसी कारण बताए साक्षात्कार परीक्षा स्थगित या रद्द करने का अधिकार होगा।

www.ayucollegeujjain.edu.in
E-mail: ayucollegeujjain-mp@mp.nic.in

College (0734-2580895)
Hospital (0734-2554581)


14. कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.01.2024 को सायं 5:00 बजे तक है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

15. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को सभी मूल दस्तावेजों के साथ स्व–प्रमाणित एक प्रति फोटोकॉपी (एक सेट) प्रस्तुत करना आवश्यक है।

16. चयनित अभ्यर्थी को नियम एवं शर्तो के अनुरूप कार्य करना होगा एवं किसी भी स्थिति में कार्यमुक्त होने से पूर्व महाविद्यालय की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

17. संबधित के त्याग पत्र देने की स्थिति में अथवा परियोजना के समाप्त होने के पश्चात् सभी दस्तावेजों एवं संस्थान द्वारा उपलब्ध करायी गई सामग्री को संस्थान में जमा करना अनिवार्य होगा।

18. परियोजना प्रभारी के माध्यम से उपस्थिति सत्यापित होने के पश्चात् ही मानदेय का भुगतान अगले माह में किया जायेगा।

19. सामान्यतः शासकीय अवकाश के दिवस एवं एक कैलेण्डर वर्ष (01 जनवरी से 31 दिसम्बर तक) कुल 13 आकस्मिक अवकाश को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।

20. अनुबंधित व्यक्ति किसी भी स्थिति में किसी गैरकानूनी अथवा राजनैतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेगा। ऐसा पाये जाने पर अनुबंध तत्काल समाप्त कर दिया जायेगा।

21. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय उज्जैन का निर्णय अंतिम एवं बन्धनकारी होगा।

22. लिफाफे के उपर पद का नाम लिखना अनिवार्य होगा।

06/01/2024

(डॉ. जे.पी. चौरसिया)
प्रधानाचार्य
शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय
उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 9893169434